आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल नामांकन पूरा हो गया था। आज इन नामांकन पत्रों की जांच की गयी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख निर्धारित है। इस चरण में प्रदेश की आठ सीटों–अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के लिए छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और मतगणना चार जून को होगी। मथुरा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में हेमा मालिनी ने पर्चा भरा है। इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी से सुरेश सिंह और कांग्रेस–सपा गठबंधन प्रत्याशी मुकेश धनगर सहित कुल सोलह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। मेरठ संसदीय सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार अरूण गोविल, बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी और सपा उम्मीदवार सुनीता वर्मा ने नामांकन दाखिल किया है। अमरोहा संसदीय सीट के लिए कुल इक्कीस प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इनमें से नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच के बाद आज निरस्त कर दिये गये। बागपत लोकसभा सीट के लिए सोलह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया है। वहीं बुलन्दशहर सीट पर नामांकन के अंतिम दिन तक दस प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किये।

****

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार में जोर पकड़ लिया है। सभी प्रमुख दलों के स्टार प्रचारक अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जन सभाएं और रैलियां कर रहे है। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ बागपत में आयोजित एक रैली में हिस्सा लिया। दोनो नेताओं ने भाजपा–रालोद गठबंधन के प्रत्याशी डाक्टर राजकुमार सागवान को जिताने की मतदाओं से अपील की। भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अमरोहा में आयोजित त्रिदेव बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में हिस्सा लिया। श्री मौर्य ने आज अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित भी किया। सपा–कांग्रेस गठबंधन और बसपा के वरिष्ठ नेता भी अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष मे चुनावी रैलियां और सभाएं कर रहे हैं।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसे लेकर चलाये जा रहे अभियान से स्वंय सेवी संस्थाए और शिक्षण संस्थान भी जुड़ रहे हैं। कौशाम्बी जिले में आज मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। वहां जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निर्देश पर मतदाता जागरूकता को लेकर वॉल पेन्टिंग भी करायी गयी। औरैया जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में विभिन्न स्कूलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी गयी। आजमगढ जिले मे पचास प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर मतदाता जागरूकता के लिए चौपाल आयोजित की जा रही है। वहां इसे लेकर रैलियों के आयोजन भी किये जा रहे हैं। मथुरा और पीलीभीत से भी मतदाता जागरूकता के लिए अलग–अलग प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की खबर है।

****

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को अवैध शराब, नकदी, मादक पदार्थ और हथियारों की आवाजाही रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है। आयोग ने शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। आयोग ने कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की।

****

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर फैलाए जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं। आयोग ने लोगों से जागरूक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने को कहा है। प्रामाणिक जानकारी के लिए लोगों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा गया है।

****

कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच आज प्रदेश भर में रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज़ अदा की गयी। नमाज़ के बाद लोगों ने देश में शान्ति और समृद्धि के लिये दुआयें मांगी। कई शहरों में आज अलविदा की नमाज़ के कारण यातायात व्यवस्था में फेर–बदल करना पड़ा। विभिन्न मस्जिदों के आसपास साफ–सफाई के विशेष प्रबंध किये गये थे। मस्जिदों पर नमाजियों की भारी भीड़ देखी गयी। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, इलाहाबाद, अयोध्या, रायबरेली, फरूर्खाबाद रामपुर, बदायूं और गोरखपुर सहित विभिन्न शहरों में अलग–अलग मस्जिदों पर अलविदा की नमाज अदा करने के लिये भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुये।

****